एम्स में अत्याधुनिक आयुर्वेद डे केयर सुविधा का शुभारंभ

नप्र, भोपालः आधुनिक चिकित्सा के साथ पारंपरिक उपचार पद्धतियों के समन्वय को बढ़ावा देते हुए एम्स ने आयुष विभाग में 21 बेड वाली अत्याधुनिक आयुर्वेद डे केयर सुविधा का शुभारंभ किया। इस सुविधा का उद्घाटन एम्स के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार महापात्र ने किया। नई सुविधा के माध्यम से मरीजों को आरामदायक वातावरण में वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित आयुर्वेद उपचार और समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत धन्वंतरि पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद प्रो. (डॉ.) महापात्र ने नवनिर्मित डे केयर सुविधा का अवलोकन किया और आयुष विभाग द्वारा आयोजित निर्देशित ध्यान (गाइडेड मेडिटेशन) सत्र में भी भाग लिया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और समग्र स्वास्थ्य के लिए ध्यान एवं मन-शरीर आधारित पद्धतियों के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार महापात्र ने कहा कि मरीजों को अधिक प्रभावी, रोगी-केंद्रित और समग्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक चिकित्सा और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय समय की आवश्यकता है। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेद सेवाओं के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समारोह में एम्स के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर, डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) रजनीश जोशी, उप निदेशक (प्रशासन) संदेश कुमार जैन, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) विकास गुप्ता सहित संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। एम्स की यह नई आयुर्वेद डे केयर सुविधा एकीकृत चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इससे मरीजों को एक ही स्थान पर आधुनिक और आयुर्वेदिक उपचार का लाभ मिलेगा तथा समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच और अधिक सुलभ हो सकेगी।

राजभाषा हिंदी का प्रभावी कार्यान्वयन सामूहिक जिम्मेदारी : कोहाड़े

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा, भोपाल में दिनांक 29 जून 2026 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 88वीं तिमाही समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री प्रफुल्ल वी. कोहाड़े ने की। बैठक में जनवरी से मार्च 2026 की तिमाही के दौरान राजभाषा संबंधी कार्यों एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के प्रारंभ में उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री हनुमान प्रसाद मीना ने पौधा भेंट कर अध्यक्ष का स्वागत किया। इसके पश्चात संपर्क राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कार्मिक अधिकारी श्री एम.एल. मीना ने स्वागत भाषण देते हुए तिमाही अवधि में किए गए राजभाषा संबंधी कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री प्रफुल्ल वी. कोहाड़े ने कहा कि कारखाने में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रचार का कार्य पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ किया जा रहा है, जो अत्यंत संतोष का विषय है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना राजभाषा नियम, 1976 के अनुसार 'क' क्षेत्र में स्थित है, इसलिए कार्यालय का दायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि दैनिक सरकारी कार्य अधिकतम हिंदी में संपादित किए जाएं।

उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा संबंधी संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कोहाड़े ने अपने संबोधन में कहा कि 'राजभाषा हिंदी का कार्यान्वयन एवं उसका प्रभावी प्रयोग-प्रचार केवल राजभाषा विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उत्पादन के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा नीति का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राकेश कुमार मालवीय, वरिष्ठ अनुवादक द्वारा किया गया।

कार्यालय प्रशासक पदमा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल

डीआरवी./641 दिनांक 18.05.1995
कैम्प :-कार्यालय उपायुक्त सहकारिता डी-ब्लाक पुराना सचिवालय भोपाल।
क्रमांक/प्रशासक/2026/क्यू-1
दिनांक 29.06.2026

सूचना

पदमा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यों के मोबाईल/आधार कार्ड/वोटर आई. डी/ ड्राइविंग लायसेस का नम्बर एवं पता सदस्यता सूची में अंकित कर म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल को भेजी जाना है। संस्था के सदस्य उपरोक्त में से कोई भी एक आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर एवं वर्तमान पता कार्यालय उपायुक्त सहकारिता डी-ब्लाक पुराना सचिवालय भोपाल में दोपहर समय 02:00 से 04:00 बजे तक दिनांक 10.07.2026 के पूर्व प्रस्तुत करें।

(अलका तिग्गा)
प्रशासक,
पदमा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल
मो.नं. 9407528298

735

कार्यलय राजस्व निरीक्षक वृत्त 06 मिसरोद, तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र.

क्रं.06/रा.नि./2026 भोपाल, दि. 29/06/2026

सूचना पत्र

प्रति, 1.श्रीमती एकता साहू पत्नी दिनेश साहू निवासी मिसरोद 2.श्रीमती सुमित्रा देवी कावरा पत्नी शंकरलाल कावरा नि. ए 423 मिनाल रेसिडेंसी 3. श्री रघुवीरशरण आ. टेकचन्द्र निवासी हरियाणा 4. श्री सुनीता सिंह राजपूत पत्नी बलवंत सिंह राजपूत पता बागमुगालिया भोपाल 5. श्री रेवाशंकर योगी पिता श्री केदारनाथ योगी एवं श्रीमती सुनीता देवी योगी पत्नी रेवाशंकर योगी पता एच 6 प्लाट नं. जी-3/544 गोमती अपार्टमेंट गुलमोहर कॉलोनी भोपाल 6-सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक-0268/अ-12/2026-27 में आवेदिका श्रीमती एकता साहू पत्नी दिनेश साहू निवासी मिसरोद द्वारा ग्राम-बागमुगालिया प.ह. नं.-21,रा.नि.मं.-06 मिसरोद तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 431/5-494 रकबा 0.1050 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक, नक्शा, सूचना-पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 4/7/2026 को आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है।

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)

734

परिसीमन पर राष्ट्रीय सहमति समय की आवश्यकता : मनोज श्रीवास्तव

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बौद्धिक संवाद समूह की मासिक संगोष्ठी सोमवार सायंकाल भारतीय विद्या भवन में 'परिसीमन : जनसंख्या, क्षेत्रीयता और चुनौतियां' विषय पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एवं वक्ता मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आईएएस मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की परिसीमन प्रक्रिया विश्व की सबसे श्रेष्ठ, पारदर्शी और शक्तिशाली प्रक्रियाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और आगामी चुनावों की दृष्टि से परिसीमन एक महत्वपूर्ण चुनौती बनकर सामने है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पुलिस महानिदेशक एस.के. राउत ने की। उन्होंने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। अपने व्याख्यान में मनोज श्रीवास्तव ने विभिन्न देशों की परिसीमन व्यवस्था की तुलना करते हुए भारत की संवैधानिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बताया। उन्होंने कहा कि देश में पिछले लगभग 50 वर्षों से परिसीमन नहीं हुआ है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने जनसंख्या और क्षेत्रफल आधारित प्रतिनिधित्व के पक्ष-विपक्ष के तर्कों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस विषय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को राष्ट्रहित में गंभीरता से विचार कर सहमति बनानी होगी। व्याख्यान के बाद उन्होंने उपस्थित श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में राजीव सक्सेना, सोम श्रीवास्तव, रणजीत सिंह, अखिल खरे, जी.के. चंदा, राकेश चौबे, आर.एस. पांडे, जी.के. छिब्बर, गिरीश बाग, डॉ. वी.एन. पाठक, वी.के. सक्सेना, विकास चौधरी सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आर.जी. द्विवेदी ने किया।

जाहिर सूचना

मैं शपथकर्ता- ध्रुव दास त्यागी उम्र 50 वर्ष पिता-राम दास त्यागी निवासी - पांसीघाट उमरधा तहसील-बनखेडी जिला-नर्मदापुरम म.प्र. आ.न.-9516 4370 2089 पेन कार्ड नंबर AUIPT3732C मो.न. 8120238970 है।

यह कि मेरा संन्यास लेने से पहले पूर्व में मेरा नाम बद्रीप्रसाद पिता हल्के सिंह लोधी निवासी भाडोन तहसील-उदयपुरा जिला रायसेन था।

यह कि संन्यास लेने के बाद मेरा नाम ध्रुवदास त्यागी पिता रामदास त्यागी हो गया है मेरी जाति-लोधी है, जो की मेरे आधार कार्ड में दर्ज है।

यह कि मेरी पॉलिसी पोस्ट ऑफिस उमरधा में पॉलिसी क्र. R-MP-HSQ-EA-7683 है जो कि पूर्ण हो चुकी है। यह कि मेरा वर्तमान खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा बनखेडी में भी है जिसका खाता . 20059641674 है। जिसका IFSC Code SBIN0002826 है।

यह कि पूर्व में मेरा नाम बद्री प्रसाद था सन्यास लेने के बाद मेरा ही नाम ध्रुवदास त्यागी है दोनों ही नाम मेरे ही है जो सत्य व सही है। मैंने अपने नाम की सत्यता हेतु एक शपथ पत्र भी निष्पादित किया है।

सूचनाकर्ता
ध्रुवदास त्यागी
बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल
एमजेसी एसयूसी/105/2026
रामेश्वर राजपूत बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE: 31.07.2026

प्रेषिती-आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर राजपूत पता 137, ग्राम एवं पोस्ट बरखेड़ा हसन, तहसील श्यामपुर, बैरसिया रोड, जिला सीहोर, म.प्र. ने मृतकगण 1. इमरतलाल S/O गंगाराम, 2. जमनीबाई W/O इमरतलाल निवासीगण पिपलिया बाज खां भोपाल की कृषि भूमि पुराने खसरा क्र. 92, 135, 136, 141, 172,196, 197, 198 एवं 222/53 जो नवीन खसरा क्र. क्रमशः1. ख.क्र. 249, रकवा 0.34 है. 2. ख.क्र. 296 रकवा 0.01, 3. ख.क्र. 305 रकवा 0.11 है. 4. ख.क्र. 356 रकवा 0.06 है. 5. ख.क्र. 365 रकबा 0.22 है., 6. ख.क्र. 384 रकबा 0.70 है. 7. ख.क्र.385 रकबा 1.88 है., 8.ख.क्र.386 रकबा 0.04 है. 9. ख.क्र. 388 रकबा 1.83 है. 10. ख.क्र. 389 रकबा 1.40 है., 11. ख.क्र. 390 रकबा 2.05 है. कुल 11 किता कुल रकबा 8.62 है. अर्थात 21.67 है. भू.रा. 66.32 रू. स्थित ग्राम पिपलिया बाज खां प.ह.नं. 26 तहसील हुजूर जिला भोपाल, राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 31-07-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 31-07-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 24-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें- 1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

जयंत शर्मा, न्यायाधीश
बारहवें जिला न्यायाधीश, जिला भोपाल

737

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.

(पीठासीन अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव) अपील प्रकरण क्रमांक 77/अपील/ 2023-2024

श्री लक्ष्मीनारायण आ. श्री बाबूलाल आयु लगभग 36 वर्ष माता स्व. सावित्री बाई पुत्री सूरज सिंह निवासी ग्राम रसूलिया, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र....**अपीलार्थी विरूद्ध** 1. कौंसाबाई पुत्री श्री सूरज सिंह आयु वयस्क, 2. गीताबाई पुत्री श्री सूरज सिंह आयु वयस्क सभी निवासी ग्राम रसूलिया, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र....**प्रति अपीलार्थीगण। अपीलार्थी द्वारा इस** न्यायालय में एक अपील न्यायालय तहसीलदार गौहरगंज, जिला रायसेन के प्रकरण क्रमांक 0263/अ-6/2021-22 आदेश पारित दिनांक 18/07/2022 के विरूद्ध म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत कर ग्राम रसूलिया, तहसील गौहरगंज की भूमि खसरा क्रमांक 211/2 रकबा 1.214 हेक्टेयर से संबंधित प्रस्तुत की है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक 30/06/2026 को दोपहर 12:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रकरण में समस्त तथ्यों के साथ पूर्ण जानकारी सहित उपस्थित होवें। अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 05/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी।

चन्द्रशेखर श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.

736

कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 1802/ न.पा.नि./ राजस्व/2026-27 **रीवा, दिनांक 24/06/2026**

अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक 8 नेहरु नगर जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 2/19/502 क्षेत्रफल 1605.00 वर्गफिट श्री प्रदीप सिंह पटेल पिता श्री शंकर प्रसाद पटेल निवासी नेहरू नगर रीवा (म.प्र.) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री नरेन्द्र कुमार प्रजापति पिता श्री बँमभोली प्रसाद प्रजापति निवासी निवासी 163 डगडौआ न..1 एनएच 7 दगदुआ पन्नी रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 02.06.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 2/19/502 क्षेत्रफल 1605.00 वर्गफिट के नामान्तरण में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक श्री प्रदीप सिंह पटेल पिता श्री शंकर प्रसाद पटेल निवासी नेहरू नगर रीवा (म.प्र.) के आवेदन भूखण्ड क्रमांक 2/19/502, का नामान्तरण श्री नरेन्द्र कुमार प्रजापति पिता श्री बँमभोली प्रसाद प्रजापति निवासी निवासी 163 डगडौआ न.1 एनएच 7 दगदुआ पन्नी रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त, नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

सूडोकु नवताल- 7826

सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7825 का हल

8	2	4	3	9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

काकुरो पहेली - 7499



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7498 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8896



बाएँ से दाएँ

1. दैत्य,असुर-3
3. रुकावट,बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण,घोड़े की रास-3
8. मूल,कंद-2
9. सलाह,मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद,हिंसा वाद-5
22. शराब,गादिरा-2
24. दुख,कष्ट-2
25. चेताना,ध्यान-2
27. सालन,रसा-3
28. प्राणेंद्रिय,इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व,प्राण तत्व-3

ऊपर से नीचे

1. खैरात,दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर,जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग,रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा,एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध,अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा,थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था,कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा,बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

शब्द पहेली -8895 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7338



ऊपर से नीचेः-

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नांडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

बायें से दायेंः-

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7337

घा	त		स	फ	र		आ	क्रो	श
य			फा		ह	मे	शा		
ल	व	स्टे	री		मा	ला		अं	
	ही			आ	न		आ	जा	द
अं	दा	ज		ई		सं	ग	म	
गा		या	ग	ना		सा			खु
रे	खा		ज		स	र	फ	रे	श
	मो			सु	र		ग		बू
आ	शी	र्वा	द		ग	द	र		
मीं			स	न	म			यु	वा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-7432

		7	1			4
2	39		29	6	26	
	6	5		3	2	
4	30		27	1	31	6
	2		4			7
6	30		39	4	35	3
	5	4			1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7431 का हल

7	6	5	4	3	2	1
2	39	1	29	6	26	5
5	6	7	1	2	3	4
4	30	2	25	1	34	6
1	2	3	4	5	6	7
6	30	6	39	4	35	3
3	5	4	6	7	1	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8452

सा	द	गा	वि	ग	म	हे	श	भू	प	ति	
दें	नि	ल	क	श्व	दों	अं	जु	जॉ	र्ज	ड़	
क	स	या	ल	र्म	ना	स	या	दी	ख	क	
ध	न	रा	ज	पि	छ्वै	थ	र	ल	श	गो	
क	री	दो	ग	क	बा	र	आ	ग	झ	पी	
जी	श्री	ना	थ	इ	इ	उ	द्वा	नं	घ	चं	
ज	दा	ल	चुं	सं	चुं	म	र	कौ	द	द	
क	ही	ग	र	मे	ग	क	फ	या	श	फु	
क	द	र	प	न	भू	स	रा	औ	प	ले	
क	र	ल	खा	व	टि	ना	चि	ओ	प	ला	
क	क	ल	प	न	या	स	व्य	न	प	या	

शब्द जाल में 10 खिलाड़ियों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे, नीचे से उपर एवं तिरछे भी हैं.

सानिया, अंजु जॉर्ज, धनराज पिल्लै, सचिन, बाइचुंग भूटिया,गोपीचंद फुलेला, विश्वनाथ आनंद, श्रीनाथ, जहीर खान, महेश भूपति.

शब्दजाल - 8451 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore